भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा उत्पादन विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्नय संख्या 2708
10 मार्च, 2021 को उत्तार के लिए

रक्षा गलियारा

2708. श्री आर.के. सिंह पटेल:

क्या. रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में चित्रकूट और बांदा आकांक्षी जिलों में रक्षा गलियारा विकसित करके बड़ा कारखाना/उद्योग स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इस संबंध में स्थानों की पहचान की गई है; और

(घ) यदि हां, तो कारखानों को कब तक स्थापित किया जाएगा?

उत्तघर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (घ): भाग (क) से (घ) के उत्तर के संबंध में एक विवरण अनुबंध के रूप में संलग्न है।

लोक सभा में दिनांक 10 मार्च, 2021 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 2708 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

(क) से (घ): माननीय वित्त मंत्री ने दिनांक 01 फरवरी, 2018 के अपने बजट भाषण में देश में दो रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने की घोषणा की। उक्त घोषणा के अनुसरण में, उत्तर प्रदेश में आगरा, अलीगढ़, चित्रकूट, झांसी, कानपुर एवं लखनऊ में छः नोड्स के साथ उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) नामक एक गलियारे को विकसित करने का निर्णय लिया गया है। यूपीडीआईसी में बांदा चिन्हित नोड नहीं है। यूपीडीआईसी की शुरूआत 11 अगस्त, 2018 को की गई। समारोह के दौरान आयुध निर्माणी बोर्ड (ओएफबी)/सार्वजनिक क्षेत्र के रक्षा उपक्रमों (डीपीएसयू) एवं निजी उद्योगों द्वारा लगभग 3700 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की गई। फरवरी, 2021 तक यूपीडीआईसी में कुल 1007 करोड़ रुपए के निवेश की सूचना प्राप्त हुई है। यूपीडीआईसी के लिए नोडल विभाग, उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए), चिन्हित नोड्स में भूमि का अधिग्रहण करने हेतु उत्तरदायी है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश सरकार ने यूपीडीआईसी में मूल उपस्कर विनिर्माताओं (ओईएम) सहित विदेशी कंपनियों के साथ-साथ निजी कंपनियों द्वारा निवेश को आकर्षित करने के लिए अपनी एयरोस्पेस एवं रक्षा नीति को भी प्रकाशित किया है।

*****